पश्चिम रेलवे के सेवानिवृत्त/मृत कर्मचारियों के वारिसों को पेंशन, भविष्य निधि आदि का भुगतान

1507. **श्री राम चन्द्र विकल :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1 जनवरी, 1985 से 31 सितम्बर, 1986 के दौरान पश्चिम रेलवे से सेवानिवृत्त होने वाले अथवा सेवा काल में ही मरने वाले ऐसे कितने कर्मचारी हैं जिन्हें अभी तक अन्तिम पेंशन लाभ, सामान्य भविष्य निधि, बीमा और अन्य बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया है;

(ख) ऐसे सेवानिवृत्त कर्मचारियों के नाम क्या हैं जिन्हें बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जा सका और वे उस राशि को प्राप्त किए बिना ही मर गए ;

(ग) सरकार ने ऐसे व्यक्तियों के वारिसों को बकाया राशि का भुगतान करने के लिए क्या कदम उठाए हैं; और

(घ) इस राशि का कब तक भुगतान कर दिया जाएगा ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) से (घ) संबद्ध क्षेत्रीय रेलवे से सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

राष्ट्रीय राजमार्गों पर बने पुलों को चौड़ा किया जाना

1508 **श्री राम चन्द्र विकल :** क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने किन बड़े पुलों को चौड़ा करने का कार्य चल रहा है तथा यह कार्य कब से चल रहा है तथा इसके कब तक पूरा हो जाने की आशा है ; और

(ख) सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों पर बने बड़े पुलों को चौड़ा करने के लिए किन नई योजनाओं पर विचार कर रही है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) राष्ट्रीय राजमार्गों पर मौजूदा पुलों को चौड़ा करने का कार्य सामान्यतः नए निर्माण कार्य को शामिल कर लेता है। तथापि निर्मित/पुनर्निर्मित किए जाने वाले बड़े पुलों की विस्तृत जानकारी देने वाला एक विवरण संलग्न है [देखिए परिशिष्ट CXL अनुपत्र सं० 62]

(ख) 7वी पंचवर्षीय योजना कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए 85 बड़े पुलों के निर्माण/पुनर्निर्माण का कार्य शामिल किया गया है।

महिलाओं को शिक्षा

1509. **श्री राम चन्द्र विकल :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय सरकार द्वारा देश में महिलाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये क्या विशेष उपाय किये जा रहे हैं ; और

(ख) अगली पंचवर्षीय योजना में इस कार्य के लिये कितनी राशि का प्रावधान रखा जायेगा ?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री पी० वी० नरसिंह राव) : (क) महिलाओं में शिक्षा के प्रोत्साहन के लिये विशेष प्रयासों का उल्लेख राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वियन के लिये कार्रवाई योजना में किया गया है जिसे 8 अगस्त, 1986 को सभा पटल पर रखा गया था ।

2. महिलाओं/लड़कियों में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये निम्नलिखित उपाय किये गये हैं:—

(i) कक्षा IX–XII की लड़कियों के लिए शिक्षा निःशुल्क बनाने के वास्ते "कक्षा IX–XII की लड़कियों से ली जाने वाली फीस की राज्यों/संघ शासित प्रदेशों

को प्रतिपूर्ति "नामक योजना के अन्तर्गत राज्यों/संघ शासित प्रदेशों को फीस की प्रतिपूर्ति की जा रही है ।

(ii) महिलाओं में विशेषकर ग्रामीण तथा जनजातीय क्षेत्रों में 15 से 35 आयु वर्ग में शिक्षा को बढ़ावा देना ।

(I) राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेशों से यह सुनिश्चित करने के लिये यह अनुरोध किया गया है कि प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों में पढ़ने वालों में कम से कम 50 प्रतिशत महिलायें हों ; तथा

(II) प्रौढ़ शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाली स्वैच्छिक एजेंसियों को सहायता देने की योजना में संशोधन किया गया है ताकि वे एजेंसियां भी सहायता अनुदान के लिये पात्र बन सकें जो सामान्यतः कम से कम 15 केन्द्रों के मुकाबले मात्र 5 केन्द्र ही चला रहे हैं ।

(iii) लड़कियों का दाखिला बढ़ाने के लिये, सततरूप से चल रहीं गैर-औपचारिक शिक्षा योजना, जिसके अन्तर्गत शैक्षिक रूप से पिछड़े राज्यों को सहायता दी जाती है, को उदार बनाया गया है और अब लड़कियों के लिये गैर-औपचारिक शिक्षा केन्द्रों की स्थापना के लिये केन्द्रीय सहायता 90:10 के आधार पर दी जाती है ।

(ख) अगली पंचवर्षीय योजना के दौरान इस उद्देश्य के लिये निर्धारित की जाने वाली राशि का अनुमान इस समय उपलब्ध नहीं हैं ।

Shorter platforms at Delhi Junction

1510. SHRI PRITHIBI MAJHI: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that due to absence of long platforms of 22 coaches capacity, the Kalka Mail|Frontier Mail| Punjab Mail|Tinsukia Mail trains are blocking two platforms at Delhi Junction;;

(b) whether it is a fact that due to shortage of platforms the railway is not in a position to accommodate more trains at Delhi Junction;

(c) whether it is a fact that after increase in passenger traffic at Delhi Junction no alternative arrangements have been made for providing more passenger platforms as proposed earlier; and

(d) whether it is also a fact that even after sanction of funds and availability of space towards Kashmere Gate side, the proposed island platforms have not been provided, if so, what are the detailed reasons thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MADHAVRAO SCINDIA): (a) and (b) Yes, Sir.

(c) It is not possible to provide additional platforms at Delhi Junction due to lack of space.

(d) There is no space for the construction of additional island platforms towards Kashmere Gate side.

Size of Bookstalls and Counters at Railway Stations

1511. SHRI PRITHIBI MAJHI : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) what are the sizes of bookstalls and book counter tables at major stations fixed by Government prior to October, 1982 for each Zonal Railway;

(b) whether there is any uniform policy in respect of sizes of existing bookstalls and counter tables at major stations; if not, the reasons therefor; and

(c) whether Government have issued any directive to Zonal Railways to curtail|remove|shift all the existing bookstall| book counter tables at major stations during the currency of the agreements, if so, the details thereof?